# <u>55वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक की रिपोर्ट</u>

पीआरएल की 55वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक **प्रो. अनिल भारद्वाज**, निदेशक, पीआरएल की अध्यक्षता में 28 दिसंबर 2023 को आयोजित हुई। यह बैठक 1600 बजे से शुरू होकर 1805 बजे तक चली। इस बैठक में धारा 3(3) के दस्तावेज, हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिए जाने तथा मूल पत्राचार के विषय में सदैव सजग रहने का निर्देश दिया गया। इस तिमाही में सभी लक्ष्यों को संतोषजनक रूप से प्राप्त किया गया है। आगे भी इस विषय में ध्यान रखने का निदेश दिया गया है। विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई एवं सभी स्तरों पर अनुपालना संतोषजनक पाई गई। नोटिंग, ड्राफ्टिंग के क्षेत्र में यह पाया गया है कि हिंदी माह 2023 के दौरान इसमें नोटिंग, ड्राफ्टिंग में भारी वृद्धि हुई है जो कार्मिकों के उत्साह को दर्शाता है। सभी संबंधित जांच बिंदु अधिकारियों को सख्ती से जांच बिंदु अनुपालना के निदेश दिये गये। कार्यालय के सभी नाम पट्ट, सूचना पट्ट, रबर की मोहरें आदि द्विभाषी में हों, यह समय-समय पर सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। अन्य सभी मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

**<u>बैठक की झलकियां</u>**





